**यू0 पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड अंशदायी भविष्य निधि ट्रस्ट**
**(यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट)**
**10, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001**

E-mail: uplccpflko@gmail.com Mob. No. 9451247966

# सूचना

सूचनीय है कि यू0 पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी), 10, अशोक मार्ग, लखनऊ द्वारा क्षेत्रीय भविष्य निधि संगठन (EPFO) से प्राप्त छूट के अन्तर्गत **यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट** का गठन किया गया था, जिसमें यूपीएलसी के कर्मचारी, सदस्य थे। कालान्तर में इस ट्रस्ट में अपट्रान इण्डिया लिमिटेड एवं अपट्रान पावरट्रानिक्स लिमिटेड के कर्मचारी भी सदस्य के रूप में सम्मिलित किये गये थे। ट्रस्ट की लेखा पुस्तकों में अनेक पूर्व कर्मचारियों के नाम से संचालित खातों में लम्बे अंतराल से काफी धनराशि जमा है। इन धनराशियों के अन्तिम भुगतान के लिए पूर्व कर्मचारियों से पत्राचार हेतु उनका वर्तमान पता ट्रस्ट में उपलब्ध न होने के कारण पूर्व कर्मचारियों से सम्पर्क नही हो पा रहा है। EPFO के निर्देशानुसार, यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट में जमा धनराशि, भविष्य में EPFO द्वारा संचालित किये जाने हेतु यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट के सभी खातों का समर्पण/हस्तान्तरण EPFO को किया जाना है। अतः यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट के सभी पूर्व कर्मचारी सदस्यों को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि सभी सम्बधित पूर्व कर्मचारी सदस्य, यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट में अपनी बकाया धनराशि का दावा, इस सूचना की प्रकाशन तिथि से अधिकतम 15 कार्य दिवसों में लिखित रूप में यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत कर दें ताकि बकाया धनराशि का भुगतान, यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट के स्तर पर किया जा सके अन्यथा EPFO को ट्रस्ट में बकाया धनराशि हस्तान्तरित होने के पश्चात ट्रस्ट स्तर पर कोई भी दावा ना तो स्वीकार किया जायेगा और ना ही यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट की कोई जिम्मेदारी होगी।

सचिव
यूपीएलसी सीपीएफ ट्रस्ट